कार्यालय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, नेहरू नगर, जयपुर

क्रमांकः–प–11( )आरपीए/प्रशिक्षण/सीसीपीडब्ल्यूसी/2020/1257-61 दिनांकः–08-03-2022

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,
प्रशिक्षण, राजस्थान, जयपुर।

विषयः–CCPWC Scheme के तहत "05days Cyber Crime Investigation Course for Police Officers" में पुलिस अधिकारियों के मनोनयन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है, कि राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में माह मार्च–2022 में CCPWC योजना के अन्तर्गत दिनांक 21.03.2022 से 25.03.2022 तक "05days Cyber Crime Investigation Course for Police Officers" कोर्स आयोजित करवाया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु 30 प्रतिभागियों का मनोनयन करवाने की कृपा करें। उक्त प्रशिक्षण कोर्स में सम्मिलित होने हेतु प्रत्येक रेंज/आयुक्तालयों व साइबर थाना एस.ओ.जी. व साइबर थाना जयपुर आयुक्तालय से थानाधिकारी, स्तर के, कुल 30 प्रतिभागियों का मनोनयन करवाया जावे जो पूर्व में "03 days Cyber Crime Awareness Course for Police Officers" कोर्स पूर्ण कर चुके है उनमें से ही सलंग्न सूची में से ही मनोनयन करवाने की कृपा करावें। उक्त सभी प्रतिभागी अनिवार्य रूप से पुलिस थानों पर पदस्थापित होने चाहिए। प्रत्येक कोर्स में कम से कम 20 प्रतिशत (न्यूनतम 6) महिला अधिकारियों का होना जरूरी है। प्रत्येक कोर्स में प्रतिभागियों के मनोनयन के साथ एक रिजर्व प्रतिभागी का नामांकन भी करें। इस कोर्स में मनोनीत किये जाने वाले अधिकारियों के नामों के साथ उनकी एसएसओ आईडी (SSO ID), Email ID व Whatsapp मोबाईल नम्बर अंकित कर भिजवाने का श्रम करें। उक्त कोर्स में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को निर्देशित करावें कि वे सिविल औपचारिक कार्यालय वेश–भूषा (जींस व स्पोर्टस शुज को छोड़कर) के अलावा वर्किगं यूनिफॉर्म, पीटी ड्रेस मय पीटी शूज के साथ अपनी उपस्थिति कोर्स के आरम्भ होने की दिनांक से पूर्व सांयकाल तक आवश्यक रूप से राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रस्तुत करेंगे। सभी अधिकारी अपने साथ मास्क लेकर आयेंगे। उक्त कोर्स में राजस्थान पुलिस अकादमी में निवास करना अनिवार्य होगा।

सभी मनोनीत प्रतिभागियों को निर्देशित करें कि कोर्स पूर्व जिन अधिकारियों के कोविड वैक्सीन के दो डोज लगे हुए हो वे कोविड प्रमाण–पत्र के साथ अपनी उपस्थिति देंगे एवं जिन अधिकारियों के एक कोविड वैक्सीन अथवा कोई भी वैक्सीन नही लगी हो वे कोविड की 72 घंटे पूर्व की नेगेटिव रिपोर्ट लेकर अकादमी में उपस्थिति देंगे। सभी मनोनीत अधिकारियों व कर्मियों के नाम एवं पदनाम व मोबाइल नम्बर आदि सूचना इस कार्यालय के ईमेल splcoinhouse.rpa@rajasthan.gov.in, ccpwcrajasthan@gmail.com पर भिजवाने का कष्ट करें।

सलंग्नः– लिस्ट कोर्स कर चुके प्रतिभागी।

भवदीय

उप निदेशक एवं प्राचार्य,
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपर।